

# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया
हर खबर सच के साथ
RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

## ट्रंप का बड़ा बयान: Strait of Hormuz की सुरक्षा के लिए सहयोगी देशों से मांगी मदद



अमेरिकी राष्ट्रपति Donald Trump ने मध्य-पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच अहम तेल मार्ग Strait of Hormuz को सुरक्षित रखने के लिए सहयोगी देशों से मदद मांगी है। ट्रंप ने कहा कि इस रणनीतिक समुद्री रास्ते को खुला रखना वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने United Kingdom समेत कई मित्र देशों से नौसैनिक जहाज़ भेजकर इस मार्ग की सुरक्षा में सहयोग करने की अपील की है। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में आया है जब Iran की ओर से इस महत्वपूर्ण तेल शिपिंग रूट को बाधित करने की चेतावनी दी गई है। दुनिया के बड़े हिस्से का कच्चा तेल इसी समुद्री रास्ते से होकर गुजरता है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और उसके सहयोगी किसी भी कीमत पर इस रास्ते को बंद नहीं होने देंगे और जरूरत पड़ने पर इसे "किसी भी तरह" फिर से खोल दिया जाएगा।

इस दौरान ट्रंप ने China का भी जिक्र करते हुए कहा कि चीन इस मार्ग से आने वाले तेल पर काफी हद तक निर्भर है, इसलिए उसे भी क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने में भूमिका निभानी चाहिए। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर Strait of Hormuz में तनाव बढ़ता है तो इसका असर वैश्विक तेल आपूर्ति और अंतरराष्ट्रीय बाजारों पर पड़ सकता है।

## LPG बुकिंग घटी, सरकार ने कहा—देश में पेट्रोल-डीजल और गैस की कोई कमी नहीं



पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच देश में एलपीजी सिलिंडर को लेकर बनी अफरा-तफरी के बीच राहत की खबर सामने आई है। सरकार के अनुसार एलपीजी सिलिंडर की बुकिंग में गिरावट दर्ज की गई है और स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है। 14 मार्च को देशभर में एलपीजी बुकिंग करीब 77 लाख दर्ज की गई, जबकि एक दिन पहले यह संख्या 88.8 लाख थी। सरकार ने दोहराया है कि देश में पेट्रोल, डीजल या रसोई गैस की कोई कमी नहीं है और ईंधन की आपूर्ति पूरी तरह स्थिर बनी हुई है। सरकार के दैनिक अपडेट के मुताबिक तेल कंपनियों द्वारा डिजिटल बुकिंग को बढ़ावा देने के बाद ऑनलाइन एलपीजी बुकिंग का प्रतिशत भी बढ़कर करीब 87 फीसदी हो गया है। इससे लोगों को डीलरों के बाहर लंबी कतारों में लगने से बचाने में मदद मिली है। सरकार ने बताया कि देश के सभी रिफाइनरी संयंत्र पूरी क्षमता से काम कर रहे हैं और कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। साथ ही यह भी कहा गया कि भारत पेट्रोल और डीजल उत्पादन में काफी हद तक आत्मनिर्भर है और घरेलू मांग को पूरा करने के लिए इनके आयात की आवश्यकता नहीं पड़ रही है। एलपीजी की आपूर्ति पर दबाव कम करने के लिए कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने गैर-घरेलू गैस सिलिंडरों के आवंटन से जुड़े आदेश जारी किए हैं। वाणिज्यिक एलपीजी सिलिंडरों को प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जा रहा है और यह अब 30 से अधिक राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध हैं। इसके अलावा स्थिति पर नजर रखने के लिए 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किए गए हैं। सरकार ने यह भी बताया कि एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए कई राज्यों में सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। आंध्र प्रदेश और बिहार सहित कई जगहों पर छापेमारी की गई है ताकि किसी भी तरह की कालाबाजारी को रोका जा सके। साथ ही होटल, रेस्तरां और अन्य कुछ क्षेत्रों को अस्थायी रूप से केरोसिन और कोयले जैसे वैकल्पिक ईंधन के इस्तेमाल की अनुमति दी गई है, जिससे घरेलू गैस की आपूर्ति पर दबाव कम किया जा सके।

## पिता की तंबाकू लत से बच्चों में डायबिटीज का बढ़ सकता है खतरा: अध्ययन




एक नए शोध में सामने आया है कि पुरुषों की तंबाकू की लत उनकी अगली पीढ़ी के स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है। अध्ययन के अनुसार यदि पिता निकोटीन या तंबाकू का सेवन करते हैं तो उनके बच्चों में Diabetes का खतरा बढ़ सकता है और शरीर में शुगर को प्रोसेस करने की प्रक्रिया भी प्रभावित हो सकती है। University of California, Santa Cruz के वैज्ञानिकों द्वारा चूहों पर किए गए अध्ययन में पाया गया कि निकोटीन के संपर्क में आए नर चूहों की संतानों के मेटाबॉलिज्म में बदलाव देखने को मिला। शोध के दौरान संतानों में इंसुलिन और ग्लूकोज के स्तर में अंतर पाया गया, जो भविष्य में मधुमेह के जोखिम का संकेत देता है।

विशेषज्ञों का कहना है कि यह अध्ययन बताता है कि गर्भाधान से पहले पिता के स्वास्थ्य का भी उतना ही महत्व है जितना मां के स्वास्थ्य का। शोध में यह भी संकेत मिला कि निकोटीन के कारण लिवर फंक्शन में बदलाव हो सकता है, जो आगे चलकर Fatty Liver Disease जैसी समस्याओं का कारण बन सकता है। इसलिए विशेषज्ञ तंबाकू और निकोटीन से दूर रहने की सलाह देते हैं।

## Odisha Hospital Fire

### ओडिशा के SCB मेडिकल कॉलेज अस्पताल में आग लगने से 10 की मौत



Odisha के Cuttack स्थित SCB Medical College and Hospital में सोमवार तड़के भीषण आग लगने से बड़ा हादसा हो गया। अस्पताल के आईसीयू वार्ड में लगी आग में अब तक 10 मरीजों की मौत की पुष्टि हुई है। बताया जा रहा है कि आग सुबह करीब 2:30 से 3:00 बजे के बीच लगी, जिसके बाद अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई। आग लगते ही अस्पताल स्टाफ और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मरीजों को तुरंत सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया। कई दमकल गाड़ियों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटना के बाद अस्पताल प्रशासन और जिला प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट या किसी तकनीकी खराबी को माना जा रहा है। हालांकि प्रशासन ने मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं। इस हादसे के बाद अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं।

## Energy Security

### घरेलू उत्पादन-नए स्रोतों से ऊर्जा क्षेत्र मजबूत, सरकार ने बाहरी झटकों से सुरक्षा सुनिश्चित की



Narendra Modi सरकार की नीतियों के चलते भारत ने पिछले एक दशक में ऊर्जा क्षेत्र में बड़े संरचनात्मक बदलाव किए हैं। सरकार ने घरेलू उत्पादन बढ़ाने, ऊर्जा के नए स्रोत विकसित करने और आपूर्ति के स्रोतों में विविधता लाने पर जोर दिया है। इससे वैश्विक संकट या आपूर्ति शृंखला में आने वाले व्यवधानों के बावजूद देश की ऊर्जा जरूरतों को बाहरी झटकों से बचाने की क्षमता मजबूत हुई है। पेट्रोल में इथनॉल मिश्रण कार्यक्रम इस रणनीति का अहम हिस्सा रहा है। 2014 में जहां पेट्रोल में इथनॉल का मिश्रण करीब 1.5 फीसदी था, वहीं 2025 तक यह बढ़कर लगभग 20 फीसदी तक पहुंच गया। इससे न केवल कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता कम हुई है, बल्कि हर साल लाखों बैरल तेल की बचत भी हो रही है। इथनॉल उत्पादन भी 2014 के 38 करोड़ लीटर से बढ़कर 2025 तक 661 करोड़ लीटर से अधिक हो गया है। इसके साथ ही सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने और ऊर्जा आपूर्ति के स्रोतों को विविध बनाने पर भी जोर दिया है।

# Aaj Ka Rashifal 16 March:

## इन पांच राशि वालों को मिलेगा भाग्य का साथ और आय में होगा इजाफा,



16 March Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 16 मार्च 2026 का राशिफल। 16 मार्च, सोमवार को चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की द्वादशी तिथि है। इस तिथि पर चंद्रमा का गोचर मकर राशि में है फिर इसके बाद कुंभ राशि में होगा साथ ही कई तरह के शुभ योगों का निर्माण भी होगा।जिससे कुछ राशि वालों को दिन में अच्छा लाभ होता हुआ



### मेष

मेष राशि वालों के चारों ओर आज का वातावरण काफी खुशनुमा रहेगा और कोई सुखद समाचार सुनने को मिल सकता है, जिससे आपका आत्मविश्वास और मजबूत होगा। संतान की पढ़ाई से जुड़ी जो परेशानियां कुछ समय से चल रही थीं, उन्हें आप बातचीत और समझदारी से सुलझाने की कोशिश करेंगे। हालांकि अपनी सेहत को लेकर थोड़ा सतर्क रहना जरूरी रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपके बॉस के साथ संबंध सामान्य से बेहतर रहेंगे, बस आपको अपनी अहंकार की भावना को बीच में आने से रोकना होगा, तभी सब कुछ सुचारु रूप से चलता रहेगा।



### वृषभ

वृषभ राशि वालों के लिए आज का दिन सुखद अनुभव देने वाला रहेगा। जो लोग रोजगार को लेकर परेशान चल रहे थे, उन्हें कोई अच्छा अवसर मिल सकता है। हालांकि धन कमाने के लिए गलत रास्ते अपनाने से बचना होगा और हर काम पूरी समझदारी से करना होगा। किसी अनजान व्यक्ति पर भरोसा करके धन उधार देना आपके लिए परेशानी खड़ी कर सकता है। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से थोड़ी नोकझोंक होने की संभावना भी बन सकती है, लेकिन दिन का अधिकांश समय आराम और अच्छे भोजन का आनंद लेने में बीत सकता है।



### मिथुन

मिथुन राशि के जातकों को आज आर्थिक मामलों में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत होगी। पैसों से जुड़े किसी भी निर्णय को सोच-समझकर लेना बेहतर रहेगा और यदि धन उधार लेने की नौबत आए तो भी बहुत सोच-विचार के बाद ही कदम उठाएं। कहीं आने-जाने या घूमने के दौरान आपको कोई ऐसी जानकारी मिल सकती है जो भविष्य में आपके लिए उपयोगी साबित होगी। उच्च अधिकारियों की कृपा भी आपके ऊपर बनी रह सकती है। किसी पुरानी गलती को याद करके आपको पछतावा हो सकता है, लेकिन वही अनुभव आपको आगे के लिए सावधान भी करेगा। व्यापार में साझेदारी करने से पहले भी पूरी जांच-पड़ताल करना जरूरी रहेगा।



### कर्क

कर्क राशि वालों के लिए आज का दिन अच्छा रहने की संभावना है। वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी और जीवनसाथी को नई नौकरी या बेहतर अवसर मिलने की संभावना भी बन सकती है। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में जो रुकावटें आ रही थीं, वे किसी मित्र की मदद से दूर हो सकती हैं। हालांकि आपको अपने आसपास के लोगों को पहचानने की जरूरत होगी, क्योंकि हर मुस्कुराने वाला व्यक्ति सच्चा मित्र नहीं होता। अपनी जरूरतों और सुविधाओं को पूरा करने के लिए आप अच्छा खासा खर्च भी कर सकते हैं।



### सिंह

सिंह राशि वालों के लिए आज का दिन मान-सम्मान में वृद्धि का संकेत दे रहा है। समाज और कार्यक्षेत्र दोनों जगह आपकी प्रतिष्ठा बढ़ सकती है। हालांकि कोई बड़ी डील अंतिम समय में अटक सकती है, जिससे थोड़ी चिंता हो सकती है, लेकिन कोई अधूरा काम पूरा होने से आपको संतोष भी मिलेगा। किसी सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिल सकता है, जहां आपकी पहचान और मजबूत होगी। आपको दूसरों की भावनाओं का सम्मान करना होगा और प्रतिस्पर्धा की भावना भी आपके अंदर बनी रहेगी। धन निवेश करने से पहले किसी के कहने में आकर जल्दबाजी करने से बचना बेहतर रहेगा।



### कन्या

कन्या राशि वालों के लिए आज का दिन भाग्य के लिहाज से अनुकूल रहने वाला है। जीवनसाथी का साथ और सहयोग आपको मानसिक मजबूती देगा। संतान के भविष्य को लेकर थोड़ी चिंता हो सकती है, लेकिन सही दिशा में प्रयास करने से सब ठीक हो जाएगा। अपने कामों में समझदारी और सूझबूझ दिखाना आज बेहद जरूरी रहेगा। आस-पड़ोस में यदि कोई विवाद की स्थिति बने तो उसमें पड़ने के बजाय चुप रहना ही बेहतर रहेगा। सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने की संभावना है और आप किसी बचत योजना में निवेश करने का विचार भी बना सकते हैं।



### तुला

तुला राशि वालों के लिए आज का दिन लंबे समय से अटके हुए कामों को पूरा करने का अवसर लेकर आएगा। पेट से जुड़ी किसी समस्या को लेकर लापरवाही न करें और जल्दबाजी से बचें। विद्यार्थियों को पढ़ाई में थोड़ी कठिनाई महसूस हो सकती है, लेकिन धैर्य से आगे बढ़ने पर स्थिति सुधर जाएगी। कोई पुराना लेन-देन भी आज निपट सकता है। आप अपने जीवनसाथी के लिए कोई सरप्राइज प्लान कर सकते हैं, जिससे रिश्ते में और मधुरता आएगी। आय में वृद्धि के संकेत मिल रहे हैं और परिवार के साथ कहीं घूमने का कार्यक्रम भी बन सकता है



### वृश्चिक

वृश्चिक राशि वालों को आज आर्थिक मामलों पर खास ध्यान देने की जरूरत है। बढ़ते खर्चों को संतुलित रखने के लिए योजना बनाकर चलना जरूरी होगा। आप अपने शौक और सुविधाओं पर अच्छा खर्च कर सकते हैं और घर के नवीनीकरण का काम भी शुरू हो सकता है। हालांकि माता जी की सेहत को लेकर थोड़ी चिंता बनी रह सकती है, क्योंकि उनका कोई पुराना रोग फिर से परेशान कर सकता है। इस बीच कार्यक्षेत्र से कोई अच्छी खबर भी मिल सकती है, जैसे प्रमोशन या सराहना, जो आपके मन को प्रसन्न कर देगी।



### धनु

धनु राशि के लिए आज का दिन संयम और धैर्य के साथ आगे बढ़ने का संकेत दे रहा है। किसी भी काम में जल्दबाजी दिखाने से बचना जरूरी होगा। पिताजी की सलाह आपके लिए लाभदायक साबित हो सकती है। संतान की इच्छा पूरी करने के लिए आप नया वाहन खरीदने का विचार भी कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में बॉस की बातों को नजरअंदाज करने से बचें, नहीं तो काम में गड़बड़ी हो सकती है। आपकी कोई मनोकामना पूरी होने से खुशी का माहौल बनेगा और परिवार में किसी धार्मिक या पूजा-पाठ का आयोजन भी संभव है।



### मकर

मकर राशि वालों के लिए आज का दिन महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। आप अपनी बुद्धिमत्ता और समझदारी से कुछ नए निर्णय लेकर नए कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं। अपनी आवश्यकताओं और जिम्मेदारियों पर ध्यान देना जरूरी होगा। स्वभाव की कुछ उलझनों के कारण मन थोड़ा परेशान रह सकता है, लेकिन किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होने से मन हल्का और प्रसन्न हो जाएगा। कार्यक्षेत्र में अपनी पसंद का काम मिलने से भी आपको संतोष मिलेगा।



### कुंभ

कुंभ राशि वालों के लिए आज का दिन निर्णय लेने की क्षमता को मजबूत करने वाला रहेगा। आप अपने फैसलों के बल पर कई कामों में सफलता हासिल कर सकते हैं। किसी जरूरतमंद की मदद करने का अवसर मिले तो जरूर आगे आएं, इससे आपको मानसिक संतोष मिलेगा। परिवार के भीतर चल रही किसी उलझन को भी आप मिल-बैठकर सुलझाने में सफल हो सकते हैं। प्रॉपर्टी से जुड़ा कोई अवसर सामने आ सकता है, जिसके लिए आपको लोन लेने की जरूरत भी पड़ सकती है। संतान से किया हुआ वादा पूरा करना जरूरी होगा, वरना वह नाराज हो सकती है। व्यापार में थोड़े उतार-चढ़ाव बने रह सकते हैं।



### मीन

मीन राशि वालों को आज अपनी सेहत को प्राथमिकता देनी चाहिए। यदि कोई समस्या महसूस हो तो उसे नजरअंदाज न करें। कोई व्यक्ति आपको बहलाने-फुसलाने की कोशिश कर सकता है, जिससे नुकसान होने की संभावना है, इसलिए व्यापार में किसी अजनबी के साथ जल्दबाजी में कोई सौदा तय करने से बचना चाहिए। प्रॉपर्टी डीलिंग से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रह सकता है और कोर्ट से जुड़ा कोई मामला उनके पक्ष में आने से उन्हें बड़ी राहत मिल सकती है। किसी से वादा करने से पहले भी अच्छी तरह सोच-समझ लेना ही बेहतर रहेगा।

# यूपी: हवाओं और बारिश से पूरे प्रदेश में गिरा पारा,

## आज इन जिलों में गिर सकते हैं ओले; यहां है वज्रपात की आशंका




यूपी में मौसम पूरी तरह से बदल चुका है। मौसम विभाग के अनुसार आज कई जिलों में बारिश और ओला गिरने की संभावना है।उत्तर प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से तराई और पश्चिमी इलाकों में रविवार को मौसम ने अचानक करवट लिया। कई जिलों में सुबह बूंदाबांदी के साथ धूलभरी आंधी चली और कुछ समय के लिए आसमान घने काले बादलों से घिर गया। पश्चिमी जिलों मुजफ्फरनगर, मेरठ, बिजनौर और एनसीआर के गाजियाबाद, नोएडा और राजधानी लखनऊ समेत करीब 15 शहरों में तेज हवा के साथ हल्की बारिश हुई। बारिश के दौरान कई जिलों में हवा की रफ्तार 30 से 40 किमी प्रति घंटे दर्ज हुई।रविवार को मुजफ्फर नगर में सर्वाधिक 8.2 मिमी बारिश हुई। वहीं मेरठ में 5.1 मिमी, बरेली में 2.5 मिमी, बिजनौर में 2 मिमी बारिश हुई। तराई के कई अन्य जिलों में छिटपुट बूंदें गिरीं। मौसम विभाग ने सोमवार के लिए प्रदेश के पूर्वी हिस्सों समेत लगभग 42 जिलों में गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी और 17 जिलों में ओलावृष्टि की संभावना जताई है।बारिश और तेज हवाओं का असर खेती किसानी पर भी दिखा। कई इलाकों में खड़ी फसलें झुक गईं, जिससे किसानों की चिंता बढ़ी है। हालांकि तापमान में आई गिरावट से लोगों को उमस और बढ़ती गर्मी से कुछ राहत जरूर मिली है।आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार, सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के कारण प्रदेश के कई जिलों में हल्की बारिश का दौर शुरू हो गया है। अगले दो दिनों तक पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्रों में बारिश की संभावना है और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। कुछ स्थानों पर ओले गिरने की भी आशंका है। इसके अलावा 19 मार्च से एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है,

# UP: दो माह में खुल जाएगा गंगा एक्सप्रेसवे,

## मेरठ से प्रयागराज का सफर होगा आसान; सिर्फ ये काम रह गया है बाकी



मेरठ से प्रयागराज का सफर आसान होने वाला है। दो माह में गंगा एक्सप्रेसवे खुल जाएगा। तीसरे चरण में गंगा एक्सप्रेसवे का मामूली काम अधूरा है। स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन के सीईओ ने कमिश्नर-डीएम के साथ निरीक्षण किया है।प्रयागराज-मेरठ के बीच 594 किमी लंबे गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण लगभग पूरा हो गया है। रविवार को स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन के सीईओ मनोज कुमार ने मेरठ में निरीक्षण के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि एक्सप्रेसवे को शीघ्र ही जनता के लिए खोल दिया जाएगा।मेरठ पहुंचे सीईओ ने मंडलायुक्त भानुचंद्र गोस्वामी और डीएम डॉ. वीके सिंह के साथ गंगा एक्सप्रेस-वे के निर्माण की प्रगति के साथ ही औद्योगिक गलियारा विस्तार और टोल प्लाजा की तकनीक के बारे में जानकारी ली। उन्होंने खड़खड़ी टोल प्लाजा पर अशोक के पौधे भी लगाए। सीईओ ने बताया कि तीसरे चरण में केवल एक्सप्रेसवे की साइड की दीवार का मामूली काम अधूरा है। यह काम भी एक माह के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। मेरठ जिले में 22 किमी एक्सप्रेसवे अक्तूबर 2025 में ही पूरा हो गया था।बिजौली के निकट खड़खड़ी में टोल प्लाजा भी बनकर तैयार है और इसका परीक्षण भी हो चुका है। छह लेन वाले इस एक्सप्रेसवे का विस्तार कर आठ लेन का किया जा सकेगा। मेरठ से बदायूं तक के प्रथम सेक्टर में 130 किलोमीटर की लंबाई में 129 किलोमीटर का काम पूरा हो चुका है।गंगा एक्सप्रेसवे पर केवल वाहन ही नहीं दौड़ेंगे, बल्कि आपातकाल की स्थिति में लड़ाकू विमानों को भी उतारा जा सकेगा। इस एक्सप्रेसवे पर चार स्थानों पर लड़ाकू विमानों के उतरने के लिए हवाई पट्टियां बनाई जा रही हैं। इनमें से शाहजहांपुर के जलालाबाद में 3.5 किलोमीटर लंबी पट्टी तैयार कर दी गई है। एक्सप्रेसवे पर वाहनों की रफ्तार की सीमा 120 किलोमीटर प्रति घंटे रखी जाएगी। तीसरे चरण के अधूरे काम को तेजी से पूरा किया जा रहा है।सीईओ ने यूपीडा की परियोजना क्रियान्वयन इकाई के परियोजना निदेशक राकेश मोघा और गंगा एक्सप्रेसवे की संचालन एजेंसी आईआरबी के मुख्य प्रबंधक अनूप सिंह से एक्सप्रेसवे की प्रगति की जानकारी जानी। उन्होंने टोल पर बिना बैरियर के वाहनों के प्रवेश को लेकर अपनाई जा रही

## पति राघवसंग क्वालिटी टाइम स्पेंड कर रहीं परिणीति चोपड़ा



बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा इन दिनों अपने पति राघव चड्ढा और फैमिली के साथ थाइलैंड में वेकेशन एंजॉय कर रही हैं। आज कपल ने वेकेशन की कुछ खास तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं, जिन्हें फैंस खूब पसंद कर रहे हैं। आज 15 मार्च को राघव ने कुछ खूब सूरत फोटो पोस्ट किए हैं। इस ट्रिप में राघव की मां अलका चड्ढा भी उनके साथ दिखाई दीं। परिणीति ने चाइनाटाउन की चमकीली लाल लालटेनों वाली सड़कों, रंग-बिरंगे बोर्डों, स्वादिष्ट खाने की दुकानों, कॉफी और भी कई तस्वीरें शेयर की हैं। उन्होंने मजाक में कैप्शन लिखा, 'मैंगो स्टिकी राइस वाली जगह पर हूं, लेकिन उसकी एक भी फोटो नहीं ली। चाइनाटाउन में थोड़ा आराम किया, फिर एक शानदार फैमिली वेडिंग अटेंड की। डबल जीत।'राघव चड्ढा ने भी फोटो शेयर करते हुए मजाक में लिखा, 'परिणीति ने पहले फोटो शेयर किए थे। मेरे फोन में बेहतर फोटो थे, इसलिए अब ये दूसरी तस्वीरें।' इन तस्वीरों में चाइनाटाउन की व्यस्त सड़कें, लाल लालटेनें और खूबसूरत गेट की शानदा र तस्वीरें दिख रही हैं।

## मार्से पेड्रोजो का निधन वरुण नोरा और तारा सुतारिया ने जताया दुख



मशहूर सेलिब्रिटी हेयर स्टाइलिस्ट मार्से पेड्रोजो का निधन हो गया है। उनकी मौत की खबर से फिल्म इंडस्ट्री में शोक की लहर है। कई सितारों ने सोशल मीडिया पर उन्हें याद करते हुए भावुक पोस्ट शेयर किए। वरुण धवन ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर उनके साथ एक फोटो शेयर करते हुए लिखा, 'आपकी आत्मा को शांति मिले दोस्त। यकीन नहीं हो रहा है। ऐसा लग रहा है जैसे हम कुछ समय पहले ही साथ शूट कर रहे थे। वह बहुत ही प्यारे इंसान और बेहद साफ दिल के थे।'एक्ट्रेस नोरा फतेही ने भी एक लंबा भावुक नोट लिखा। वहीं एक्ट्रेस तारा सुतारिया ने भी इंस्टाग्राम स्टोरी पर उनकी पुरानी पोस्ट शेयर की।'मैं कभी नहीं भूलूंगी कि आपने मुझे कितना अच्छा महसूस कराया और कितना खूबसूरत भी। आपकी मिठास, आपका हुनर हंसी के पल के लिए धन्यवाद।

## सिनर्स' के रिकॉर्ड से लेकर प्रियंका चोपड़ा के प्रेजेंटर बनने तक




फिल्म जगत के सबसे प्रमुख और चर्चित अवॉर्ड ऑस्कर के 98वें संस्करण का आयोजन आज यानी रविवार 15 मार्च को किया जाएगा। यह अवॉर्ड समारोह लॉस एंजिल्स के डॉल्बी थिएटर में आयोजित किया जाएगा। हालांकि, भारत में इसे सोमवार 16 मार्च की सुबह साढ़े चार बजे से देखा जा सकेगा। 'सिनर्स' के अलावा जिन फिल्मों के बीच इस बार ऑस्कर जीतने की होड़ लगी है, उनमें लियोनार्डो डिकैप्रियो की 'वन बैटल आफ्टर अनअदर' भी शामिल है। इसे 13 नॉमिनेशन मिले हैं।'सिनर्स' के अलावा जिन फिल्मों के बीच इस बार ऑस्कर जीतने की होड़ लगी है, उनमें लियोनार्डो डिकैप्रियो की 'वन बैटल आफ्टर अनअदर' भी शामिल है। इसे 13 नॉमिनेशन मिले हैं। ईरान-अमेरिका और इस्राइल के बीच जारी वैश्विक तनाव के चलते इस बार ऑस्कर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। खासकर ईरान से ड्रोन हमले की धमकी के बाद सुरक्षा के इंतजाम और भी मजबूत कर दिए हैं।लॉस एंजिल्स में रविवार 15 मार्च को होने वाले ऑस्कर अवॉर्ड सेरेमनी को भारत में सोमवार 16 मार्च की सुबह 03:30 बजे से देखा जा सकेगा। ऑस्कर का रेड कार्पेट कवरेज शुरू हो जाएगा। इसमें सेलिब्रिटीज के इंटरव्यू और फैशन हाईलाइट्स दिखाए जाते हैं।

## ऑस्कर में ऐसा रहा भारत का इतिहास




ऑस्कर अवॉर्ड को अकादमी अवॉर्ड भी कहते हैं। इन्हें साल 1927 में शुरू किया गया था, लेकिन पहला अवॉर्ड 1929 में आयोजित हुआ था। 98 साल के इतिहास में भारत की तरफ से 50 से ज्यादा फिल्में ऑस्कर अवॉर्ड के लिए भेजी गईं, लेकिन एक भी भारतीय फिल्म को ये अवॉर्ड नहीं मिल सका।भारत की तरफ से 13 कलाकार ऐसे रहे हैं, जिन्हें अब तक ऑस्कर में नॉमिनेशन मिला। इनमें से सिर्फ नौ भारतीय कलाकार ऐसे हैं, जिन्हें ऑस्कर अवॉर्ड्स मिला है। इनमें भानू अथैया से लेकर, सत्यजीत रे, एआर रहमान, गुलजार, रेसुल पूकुट्टी, एमएम कीरवानी, चंद्रबोस, गुनीत मोंगा और कार्तिकी गोंजाल्विस के नाम शामिल हैं।

## कौन हैं जेसी बकले? ऑस्कर जीतने वाली पहली आइरिश एक्ट्रेस बनीं; मां को समर्पित किया अवॉर्ड



एक्ट्रेस जेसी बकले ने फिल्म 'हैमनेट' में के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का ऑस्कर अवॉर्ड जीता है। एक्ट्रेस जेसी बकले ने इस साल के ऑस्कर अवॉर्ड्स में इतिहास रच दिया है। उन्होंने फिल्म 'हैमनेट' में अपनी शानदार एक्टिंग के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का ऑस्कर अवॉर्ड जीता है। इस जीत के साथ वह यह अवॉर्ड हासिल करने वाली पहली आयरिश एक्ट्रेस बन गई हैं। बता दें कि फिल्म क्लोई झाओ के निर्देशन में बनी है, और इसमें जेसी की एक्टिंग को दुनियाभर में लोगों ने काफी सराहा गया। अवॉर्ड लेने के दौरान अपने इमोशनल स्पीच में जेसी बकली ने इस किरदार से जुड़ी भावनाओं के बारे में बात की। अपने अवॉर्ड को मांओं को समर्पित किया। उन्होंने कहा, 'आज यू.के. में मदर्स डे है और मैं यह अवॉर्ड एक मां के दिल के खूबसूरत और उलझे हुए जज्बात को समर्पित करना चाहती हूं।'

## 1980 में शुरू हुआ सिक्स पैक एब्स का ट्रेंड



बॉलीवुड में सिक्स-पैक एब्स का ट्रेंड आज बहुत आम हो गया है। हीरो फिल्म में शर्ट उतारकर अपनी फिट बॉडी फ्लॉन्ट करते हैं और फैंस उनकी बॉडी को देखकर इंस्पायर होते हैं। लेकिन सवाल यह है कि इस ट्रेंड को सबसे पहले किस अभिनेता ने शुरू किया था?सचाई यह है कि बॉलीवुड में सिक्स-पैक एब्स को लीड एक्टर के तौर पर सबसे पहले दिखाने का श्रेय नसीरुद्दीन शाह को जाता है। 1987 में आई फिल्म 'जलवा' में नसीरुद्दीन ने एक CID ऑफिसर का रोल किया था। इस रोल के लिए उन्होंने अपनी बॉडी को पूरी तरह ट्रांसफॉर्म किया और स्क्रीन पर सिक्स-पैक एब्स दिखाए। उस समय यह बहुत नई और हैरान करने वाली बात थी, क्योंकि पहले ज्यादातर हीरो मजबूत बॉडी तो रखते थे, लेकिन साफ-साफ छह पैक एब्स वाला लुक लीड एक्टर्स में नहीं दिखता था।दारा सिंह और धर्मेंद्र जैसे एक्टर्स को बहुत मजबूत और मस्कुलर बॉडी के लिए जाना जाता था। दारा सिंह को 'बॉलीवुड का ओरिजिनल सिक्स-पैक हीरो' भी कहा जाता है, क्योंकि वह पहलवान थे और उनकी बॉडी बहुत पावरफुल थी। वहीं कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में उन्हें 8-पैक तक बताया जाता है। लेकिन उनका लुक ज्यादा सिंपल था।

# Gold Silver Price

## सर्राफा बाजार में दिखी गिरावट; चांदी ₹4000 तक टूटी, सोना ₹1450 सस्ता



पश्चिम एशिया में जारी तनाव से सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिला। चांदी 4000 रुपये सस्ती हुई, वहीं सोना 1.57 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा।पश्चिम एशिया में जारी तनाव तीसरे हफ्ते में प्रवेश करने के बीच सोमवार को सोने और चांदी की कीमतों में मिला-जुला रुख देखने को मिला। चांदी की कीमत 4000 रुपये गिरकर 2.55 लाख रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। वहीं सोने का भाव 1450 रुपये गिरकर 1.57 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया।शुरुआती एशियाई कारोबार में स्पॉट गोल्ड में एक फीसदी से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई और यह 5,000 डॉलर के स्तर से नीचे फिसल गया। कारोबार के दौरान सोना 4,971.30 डॉलर के इंट्राडे लो तक पहुंच गया। वहीं, स्पॉट सिल्वर भी 2.23 फीसदी टूटकर 79.5 डॉलर प्रति औंस पर आ गया।कीमती धातुओं में यह दबाव ऐसे समय देखने को मिल रहा है जब पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण ऊर्जा कीमतों में तेजी और महंगाई को लेकर चिंताओं ने वैश्विक बाजार का रुख प्रभावित किया है। बढ़ती महंगाई की आशंका के चलते यह उम्मीद कमजोर पड़ी है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व और अन्य प्रमुख केंद्रीय बैंक जल्द ब्याज दरों में कटौती शुरू करेंगे।दरअसल, अमेरिका द्वारा ईरान के प्रमुख तेल निर्यात केंद्र को निशाना बनाकर किए गए हमलों के बाद कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आया। इसके जवाब में तेहरान ने कई अरब देशों के ऊर्जा ढांचे पर जवाबी हमले किए, जिससे बाजार में अनिश्चितता और बढ़ गई।युद्ध कितने समय तक चलेगा, इसको लेकर भी स्पष्टता नहीं है। इसी कारण वित्तीय बाजारों और व्यापक अर्थव्यवस्था पर इसके असर का आकलन करना मुश्किल हो रहा है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक, डोनाल्ड ट्रंप के एक सहयोगी ने संकेत दिया है कि यह संघर्ष चार से छह हफ्ते तक खिंच सकता है। हालांकि, दोनों पक्षों की ओर से मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि ईरान समझौते में रुचि रखता है, लेकिन अमेरिका बेहतर शर्तें चाहता है। दूसरी ओर, तेहरान ने कहा है कि उसने न तो किसी वार्ता का अनुरोध किया है और न ही युद्धविराम की मांग की है।इस बीच, ब्याज दरों में कटौती को लेकर उम्मीदें और कमजोर हुई हैं। शुक्रवार को जारी अमेरिकी उपभोक्ता खर्च के आंकड़ों में जनवरी में केवल मामूली बढ़त दर्ज की गई,

# घरेलू शेयर बाजार की सपाट शुरुआत

## उठापटक जारी, जानें सेंसेक्स-निफ्टी का हाल



भारतीय शेयर बाजार सोमवार को सपाट खुला। वहीं पिछले दिन शुक्रवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1470.50 अंक गिरकर 74,563.92 अंक पर बंद हुआ था, जबकि एनएसई निफ्टी 488.05 अंक गिरकर 23,151.10 अंक पर बंद हुआ था।हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को शेयर बाजार मामूली गिरावट के साथ खुला। बाजार में उठापटक की स्थिति देखने को मिली। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 24.79 अंक चढ़कर 74,588.71 अंक पर आ गया। वहीं 50 शेयरों वाला निफ्टी 29.20 अंक या 23,180.30 अंक पर आ गया।भारत जटिल कूटनीतिक और आर्थिक दबावों के बीच आगे बढ़ रहा है। बैंकिंग और मार्केट एक्सपर्ट अजय बग्गा ने कहा कि एक ओर भारत ने अमेरिकी प्रशासन और तेहरान, दोनों से संवाद बनाए रखते हुए अपने हितों को संतुलित किया है, वहीं दूसरी ओर वैश्विक मैक्रोइकॉनॉमिक दबाव घरेलू बाजार पर भारी पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ देशों के लिए जलडमरूमध्य बंद होने जैसी स्थिति के बीच तीन भारतीय टैंकरों, जिनमें एलपीजी कैरियर भी शामिल हैं, को सुरक्षित मार्ग मिलना भारत की खास कूटनीतिक स्थिति को दर्शाता है।अजय बग्गा के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (FPI) भारतीय बाजार से लगातार पैसा निकाल रहे हैं। मार्च में अब तक एफपीआई 54,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की बिकवाली कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि एफपीआई सिर्फ शेयर बेच नहीं रहे, बल्कि इंडेक्स फ्यूचर्स में भारी नेट शॉर्ट पोजिशन लेकर बाजार में और गिरावट की आशंका पर दांव भी लगा रहे हैं। ऐसे में भारतीय शेयर बाजारों के लिए 23,240 के आसपास का स्तर अहम बना हुआ है और केंद्रीय बैंकों की टिप्पणियों से पहले बाजार में खरीदारी का मजबूत रुझान दिखना मुश्किल है।वैश्विक कमोडिटी कीमतों में भी तेजी बनी हुई है। ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 104 डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गया है, जो पिछले सप्ताह के बंद स्तर से ऊपर है।धातुओं में सोमवार की शुरुआती ट्रेडिंग में सोने की कीमतों में हल्की नरमी जरूर दिखी, लेकिन 24 कैरेट सोना अब भी 1,58,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के ऊंचे स्तर पर बना हुआ है।

# पश्चिम एशिया में तनाव से बाजार में उथल-पुथल

## ऐसे मौकों पर इतिहास में क्या हुआ जानिए

ईरान पर अमेरिका-इस्राइल हमले से भू-राजनीतिक तनाव बढ़ा है, जिससे कच्चे तेल की कीमतों और रुपये पर दबाव की आशंका है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए पश्चिम एशिया पर काफी निर्भर है। आइए जानते हैं कि घरेलू बाजार ने ऐसी समस्याओं का इतिहास में कैसे सामना किया।ईरान पर अमेरिका-इस्राइल के हमले ने जहां एक ओर भू-राजनीतिक का तनाव को अपने चरम पर पहुंचा दिया है, वहीं निवेशकों की बैचन किर दिया है। भारत जो कि भौगोलिक रूप से इन देशों से दूर है, लेकिन आर्थिक रूप से भारत की कुछ हद तक निर्भरता पश्चिम एशिया देशों पर है, क्योंकि भारत यहां से अपनी जरूरत का 80 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। सवाल यह उठता है कि निकट भविष्य में यह उतार-चढ़ाव बढ़ेगा या नहीं और क्या ऐसी घटनाएं देश के दीर्घकालिक निवेश के रास्ते में कोई विशेष बदलाव लाएंगी।एक्सिस एसेट्स मैनेजमेंट की रिपोर्ट के अनुसार युद्ध और भू-राजनितिक तनावों ने आम तौर पर छोटी अवधि के लिए बाजार में उतार-चढाव बनाया, लेकिन भारतीय बाजार ने बार-बार लचीलापन दिखाया



और बाहरी झटकों को झेलकर थोड़े समय के लिए जोखिम को रीप्राइस करते हुए अच्छा प्रदर्शन किया। विश्व स्तर पर होने वाले युद्धों का असर भारत पर अप्रत्यक्ष रूप से देखा गया है, जो कुछ सेक्टर पर होता है।एक्सिस म्यूचुअल फंड के सीआईओ आशीष गुप्ता बताते हैं कि भारत पर कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का असर जल्द दिख सकता है, क्योंकि भारत अपनी जरूरतों का 80 प्रतिशत कच्चा तेल पश्चिम एशिया के देशों से आयात करता है। इसलिए इस तरह की अस्थिरिता कच्चे तेल की कीमतों में तेज वृद्धि ला सकती है और इससे इनपुट कॉस्ट यानी लागत बढ़ती है। साथ ही चालू खाता घाटा और महंगाई बढ़ती है। इक्विटी बाजार पर इसका असर विशेषकर एविएशन सेक्टर, पेंट, सीमेंट और केमिकल जैसे संवेदनशील सेक्टर पर होता है। रिपोर्ट बताती है कि ईरान की ओर से होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते को रोकना या बंद करना कच्चा तेल, रिफाइंड उत्पाद और नेचुरल गैस (एलएनजी) की कीमतों के लिए खतरा है।

# अर्थव्यवस्था में होगा जेन जी का जलवा:

## 2030 तक ₹ 108 लाख करोड़ खर्च करेंगे युवा, इन क्षेत्रों में होगा फोकस



जेन जी से जुड़ी एक अहम रिपोर्ट सामने आई है। जिसमें आने वाले वर्षों में उनकी देश के अर्थव्यवस्था में भागीदारी और प्रतिनिधत्व को लेकर कई अहम जानकारियां सामने आई हैं।जेन-जी 2030 तक भारत की 27 फीसदी आबादी का हिस्सा होगी। इस दौरान यह पीढ़ी 1.3 खरब डॉलर के उपभोग को नियंत्रित करेगी। यह बात देश की अग्रणी मैनेजमेंट कंसल्टिंग फर्म रेडसीर स्ट्रैटेजी कंसल्टेंट्स की एक रिपोर्ट में कही गई है। जेन-जी उपभोक्ता बाजारों को नया आकार दे रही है। उनका ध्यान अनुभव, स्थिरता और डिजिटल सुविधा पर केंद्रित है।कंपनियां अब खास तौर पर इसी पीढ़ी के उपभोक्ताओं को ध्यान में रखकर अपने उत्पाद बनाएंगी।जेन जी: रुझानों को परिभाषित करना, खर्चों पर असर डालना शीर्षक वाली रिपोर्ट के अनुसार यह पीढ़ी समावेशिता, आत्म-अभिव्यक्ति और वास्तविकता को ज्यादा महत्व देती है।ये पीढ़ी अलग सोच रखती है। जेन जी को सिर्फ पारंपरिक ब्रांड पहचान के बजाय ऐसे उत्पाद पसंद करते हैं जो उनकी व्यक्तिगत सोच और जीवनशैली से मेल खाते हों, जिनसे वे सुंदर दिखें, उन्हें नया अनुभव दें और सुविधाजनक हों, खासकर डिजिटल तरीके से मिलने वाले। यह पीढ़ी किसी एक ब्रांड से ज्यादा जुड़ी नहीं रहती। वे अपनी जरूरत के अनुसार समाधान देने वाले उत्पाद चुनते हैं और लगातार नए विकल्प आज़माते हैं।इस पीढ़ी के लोग अपनी त्वचा, बाल और शरीर की देखभाल पर ज्यादा ध्यान देते हैं। जेन जी की हर दो में से एक लड़की अपनी आय का 20 फीसदी से ज्यादा सौंदर्य उत्पादों पर खर्च करती है। उनके पास त्वचा, बाल और शरीर की देखभाल के लिए अलग-अलग रूटीन होते हैं और वे पहले की तुलना में दोगुने उत्पाद इस्तेमाल कर रही हैं।

## Naman Awards: दिल्ली में सजी सितारों की महफिल स्मृति-हरलीन की खूबसूरती ने लूटी लाइमलाइट क्या देखीं तस्वीरें?







बीसीसीआई के नमन अवॉर्ड्स 2026 में क्रिकेट सितारों की महफिल सजी, जहां महिला खिलाड़ियों की खूबसूरती और स्टाइल ने सबका ध्यान खींच लिया। समारोह में शुभमन गिल को 'पॉली उमरीगर क्रिकेटर ऑफ द ईयर' और स्मृति मंधाना को पांचवीं बार सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर का अवॉर्ड दिया गया। बीसीसीआई के नमन अवॉर्ड्स 2026 समारोह में क्रिकेट सितारों की शानदार महफिल सजी। इस खास मौके पर जहां मैदान पर अपने प्रदर्शन से चमकने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया, वहीं रेड कार्पेट पर महिला क्रिकेटरों की खूबसूरती और स्टाइल ने भी सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। समारोह में भारतीय महिला टीम की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना और ऑलराउंडर हरलीन देओल समेत कई खिलाड़ियों ने अपनी शानदार मौजूदगी से महफिल में चार चांद लगा दिए। उनकी खूबसूरत तस्वीरें सोशल मीडिया पर भी खूब वायरल हो रही हैं।

**खिलाड़ियों को बीसीसीआई का 'नमन'** इस ग्लैमरस माहौल के बीच भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों और दिग्गजों को सम्मानित किया। भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल को बीसीसीआई के प्रतिष्ठित 'पॉली उमरीगर क्रिकेटर ऑफ द ईयर' अवॉर्ड से नवाजा गया। वहीं, महिला क्रिकेट में स्मृति मंधाना ने एक बार फिर अपना दबदबा कायम रखा। उन्हें उनके शानदार प्रदर्शन के लिए करियर में पांचवीं बार 'सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर' का पुरस्कार दिया गया।

## IPL में वैभव सूर्यवंशी की पहली गेंद की कहानी: छक्का लगाया था द्रविड़-सैमसन से क्या बातचीत हुई? अब किया खुलासा



कमेंटेटर हर्षा भोग्ले ने कार्यक्रम का संचालन किया और एक सेशन में वह कई स्टार्स से बात करते हुए दिखे। इसी दौरान 14 साल के वैभव सूर्यवंशी को भी बुलाया गया और उन्होंने आईपीएल में अपनी पहली गेंद की कहानी भी बताई। बीसीसीआई के 'नमन' कार्यक्रम में क्रिकेट के सितारों का जमावड़ा लगा। रविवार को नई दिल्ली में आयोजित इस कार्यक्रम में कई भारतीय खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया और साथ ही पिछले लगभग एक साल में चैंपियन बनी भारतीय टीमों को भी सम्मानित किया गया। हालांकि, इस कार्यक्रम में सबसे ज्यादा चर्चा वैभव सूर्यवंशी की हो रही है। कमेंटेटर हर्षा भोग्ले ने कार्यक्रम का संचालन किया और एक सेशन में वह कई स्टार्स से बात करते हुए दिखे। इसी दौरान 14 साल के वैभव सूर्यवंशी को भी बुलाया गया और उन्होंने आईपीएल में अपनी पहली गेंद की कहानी भी बताई। दरअसल, 14 साल के वैभव ने आईपीएल 2025 में इस लीग में डेब्यू किया था और अपनी पहली ही गेंद पर शार्दुल ठाकुर को छक्का लगाया था। **क्या हुआ था उस मैच में?** दरअसल, आईपीएल का 36वां मैच राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जाएंट्स के बीच जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेला गया था। लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी की थी और 20 ओवर में पांच विकेट पर 180 रन बनाए थे। यह वैभव का आईपीएल डेब्यू मैच था। तब संजू आरआर में हुआ करते थे और कोच द्रविड़ थे। संजू इस मैच का हिस्सा नहीं थे और रियान पराग कप्तान थे। हालांकि, अब द्रविड़ और संजू दोनों ही आरआर टीम के साथ नहीं हैं।

## West Asia Tensions: पश्चिम एशिया तनाव का असर कोलकाता में फंसे वेस्टइंडीज टीम के खिलाड़ी अब लौटे स्वदेश




पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण हवाई यात्रा प्रभावित होने से भारत में फंसे वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ अब सुरक्षित अपने-अपने देशों लौट गए हैं। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने बताया कि सभी खिलाड़ियों और टीम मैनेजमेंट की वापसी सफलतापूर्वक पूरी हो चुकी है। पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण भारत में फंसे वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ अब सुरक्षित अपने-अपने देशों में लौट चुके हैं। इसकी जानकारी क्रिकेट वेस्टइंडीज ने शनिवार को दी। टी20 विश्व कप में हिस्सा लेने के बाद वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका की टीमें कोलकाता में फंस गई थीं। अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के कारण कई प्रमुख ट्रांजिट हब, खासकर दुबई के हवाई क्षेत्र और हवाई अड्डों के बंद होने से यात्रा योजनाएं प्रभावित हो गई थीं।

**स्वदेश लौटे वेस्टइंडीज खिलाड़ी**

वेस्टइंडीज टीम ने एक मार्च को कोलकाता में टी20 विश्व कप के अपने आखिरी मुकाबले खेले थे। इसके बाद खिलाड़ियों की घर वापसी की प्रक्रिया शुरू हुई। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने अपने बयान में कहा कि टीम के सभी खिलाड़ी और टीम मैनेजमेंट यूनिट (टीएमयू) के सदस्य अब सुरक्षित अपने गंतव्य पर पहुंच चुके हैं। बयान के अनुसार, अंतिम समूह के खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ पिछले कुछ दिनों में अपनी यात्रा पूरी कर चुके हैं। इससे पहले सप्ताह की शुरुआत में नौ खिलाड़ी रवाना हो गए थे, जबकि बाकी 16 खिलाड़ियों के लिए वाणिज्यिक उड़ानों की व्यवस्था की गई थी। **क्रिकेट वेस्टइंडीज ने जताया आईसीसी का आभार** क्रिकेट वेस्टइंडीज ने खिलाड़ियों और स्टाफ की सुरक्षित वापसी में मदद करने के लिए आईसीसी, क्षेत्रीय क्रिकेट बोर्ड और अन्य संबंधित पक्षों का आभार व्यक्त किया। बोर्ड ने कहा कि खिलाड़ियों और स्टाफ की सुरक्षा और भलाई उनके लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस यात्रा अव्यवस्था को लेकर कुछ खिलाड़ियों ने नाराजगी भी जताई थी।

## IPL 2026: रोहित शर्मा नहीं विराट कोहली ने इस बल्लेबाज को बताया सर्वश्रेष्ठ टी20 ओपनर RCB ने साझा किया वीडियो




विराट कोहली के अनुसार टी20 क्रिकेट में क्रिस गेल का रिकॉर्ड और प्रभाव उन्हें रोहित शर्मा से बेहतर ओपनर बनाता है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने टी20 क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ ओपनर को लेकर दिलचस्प राय दी है। उन्होंने भारत के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा की बजाय वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल को टी20 का सबसे बेहतरीन ओपनर बताया। **कोहली ने गेल को दी रोहित पर तरजीह** दरअसल, आरसीबी द्वारा जारी एक वीडियो में कोहली 'दिस और दैट' गेम खेलते नजर आए, जिसमें उन्हें दो खिलाड़ियों में से एक को चुनना था। सबसे पहले कोहली ने एडम गिलक्रिस्ट को सुनील नरेन से बेहतर ओपनर चुना। इसके बाद गिलक्रिस्ट और ट्रैविस हेड के बीच तुलना हुई, जिसमें कोहली ने टी20 फॉर्मेट के लिहाज से हेड को चुना। आखिर में मुकाबला रोहित शर्मा और क्रिस गेल के बीच था। थोड़ी देर सोचने के बाद कोहली ने वेस्टइंडीज के दिग्गज बल्लेबाज क्रिस गेल को सर्वश्रेष्ठ टी20 ओपनर बताया। रोहित और गेल का टी20 करियर क्रिस गेल टी20 क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने सभी टी20 फॉर्मेट मिलाकर 455 पारियों में 14,562 रन बनाए हैं। आईपीएल में भी उनका रिकॉर्ड शानदार रहा है। गेल ने 142 मैचों में 4965 रन बनाए और टूर्नामेंट के इतिहास का सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर भी उनके नाम है। उन्होंने 2013 में आरसीबी के लिए खेलते हुए पुणे वॉरियर्स के खिलाफ नाबाद 175 रन बनाए थे। वहीं, रोहित शर्मा ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में 159 मैचों की 151 पारियों में 4231 रन बनाए हैं। आईपीएल में उन्होंने 272 मैचों में 7046 रन बनाए हैं।

## Kuldeep-Vanshika: देहरादून एयरपोर्ट पर नजर आए कुलदीप और वंशिका शादी के बाद पहली बार साथ दिखे देखें वीडियो



हाल ही में शादी के बंधन में बंधे भारतीय टीम के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव पत्नी वंशिका के साथ देहरादून एयरपोर्ट पर नजर आए। कुलदीप और वंशिका की मसूरी में शादी हुई थी। भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार स्पिनर कुलदीप यादव रविवार को देहरादून के जॉली ग्रांट एयरपोर्ट पर पत्नी वंशिका के साथ नजर आए। शादी के बाद दोनों पहली बार साथ दिखे। कुलदीप और वंशिका की शनिवार को मसूरी में शादी हुई थी। परिवार और करीबी लोगों की मौजूदगी में यह शादी बेहद खास और निजी समारोह में संपन्न हुई थी। इस विवाह समारोह में दोनों परिवारों के सदस्य, करीबी दोस्त और क्रिकेट जगत से जुड़े कुछ खास मेहमान शामिल हुए। शादी की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रही हैं। **कई क्रिकेटर हुए थे** शामिल शादी के अगले दिन कुलदीप पत्नी वंशिका के साथ एयरपोर्ट पर दिखे और इस दौरान कुलदीप की मां भी उनके साथ थीं। कुलदीप और वंशिका की शादी में क्रिकेट जगत के कई बड़े सितारे भी शामिल हुए। भारतीय टीम के पूर्व खिलाड़ी मोहम्मद कैफ, स्पिनर युजवेंद्र चहल और पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सुरेश रैना समेत कई क्रिकेटरों ने समारोह में शिरकत की। शादी के दौरान मेहमानों ने जमकर मस्ती की और संगीत कार्यक्रम में डांस-म्यूजिक का भी खूब रंग जमा। परिवार और दोस्तों के साथ क्रिकेट सितारों ने नवदंपती को शुभकामनाएं दीं, जिससे पूरा माहौल जश्न और खुशी से भर गया। **पिछले साल हुई थी सगाई** कुलदीप और वंशिका की सगाई 4 जून 2025 को लखनऊ के एक होटल में हुई थी। इस निजी समारोह में दोनों परिवारों के अलावा कुलदीप के करीबी दोस्त मौजूद थे। कार्यक्रम में भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह की मंगेतर और सांसद प्रिया सरोज भी **शामिल हुई थीं। कौन हैं वंशिका?** वंशिका चड्ढा कानपुर के श्यामनगर लालबंगला इलाके की रहने वाली हैं। उनके पिता योगेंद्र सिंह चड्ढा एलआईसी में कार्यरत हैं। वंशिका ने सेंट मैरी स्कूल से 2017 में 12वीं पास की थी, जिसके बाद वह आगे की पढ़ाई और नौकरी के लिए ऑस्ट्रेलिया चली गईं। कुलदीप और वंशिका बचपन के दोस्त हैं। समय के साथ उनकी दोस्ती प्यार में बदली और अब दोनों ने शादी के बंधन में बंधकर अपनी नई जिंदगी की शुरुआत कर दी है।

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612
















